**खबर संक्षेप**

### भूमि फर्जीवाड़ाः जांच जारी, फिर भी जमीन की हो रही और प्लॉटिंग

**मैहर।** तहसील के मानपुर में सरकारी व वक्फ बोर्ड की भूमि से जुड़े फर्जीवाड़े के मामले में जहां एक ओर प्रशासन ने विक्रेता पक्षों को नोटिस जारी कर दस्तावेजों पर जवाब तलब किया है,वहीं दूसरी ओर इसी विवादित जमीन की खरीद-बिक्री और प्लॉटिंग का सिलसिला बेरोकटोक जारी है। जांच लंबित होने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय से लगातार रजिस्ट्रियां की जा रही हैं,जिससे प्रशासनिक कार्रवाई पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं।

**ई-हस्ताक्षरित दस्तावेजों में सामने आए नाम-** प्राप्त हस्तांतरण-पत्र(डीड) के ई-हस्ताक्षर पृष्ठों में विक्रेता पक्ष के रूप में साबिर अली गुलाम गौस बदरू निशा जफर अली,फिरदौस अली और जुबेर अली का नाम दर्ज है,जिन्होंने 23अप्रैल 2026 को डीड पर हस्ताक्षर किए। वहीं क्रेता पक्ष के रूप में हिमांशु अग्रवाल,झामन दास मधवानी और संजय दवानी द्वारा खरीदी गई जमीनों में दर्ज है इसके साथ ही अभी वर्तमान में जांच के दौरान मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देश पर तहसीलदार जितेन पटेल द्वारा संबंधित विक्रेता पक्ष को जवाब देने के लिए नोटिस जारी की गई है ।

**जांच के बीच जारी है बिक्री और प्लॉटिंग-** गौरतलब है कि यही वे भूस्वामी हैं जिनके नाम पर खसरा नंबर 423/1, 424/1, 425/1 व 426/1 की रजिस्ट्री पहले ही हो चुकी है और जिनके विक्रेता पक्ष को प्रशासन ने नोटिस जारी कर दस्तावेजों के संदर्भ में जवाब मांगा है। बावजूद इसके,वर्तमान में जमीन के नए भू-स्वामियों के द्वारा इसी विवादित भूमि को आगे छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। आरोप है कि सिंचित कृषि भूमि होने के बावजूद बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस,बिना भूमि डायवर्शन और बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टी एन सीपी) तथा रेरा की स्वीकृति लिए यह प्लॉटिंग और बिक्री प्रतिदिन रजिस्ट्रार कार्यालय के माध्यम से जारी है।

### 9 आरक्षक बने प्रधान आरक्षक



**मैहर।** मैहर कोतवाली के संजय तिवारी सहित नौ पुलिसकर्मियों को मिली पदोन्नति, एसपी अवधेश प्रताप सिंह व सीएसपी महेंद्र सिंह ने दी शुभकामनाएं। बताया जा रहा है कि जिले के गठन के बाद पहली बार मैहर पुलिस विभाग में आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई। इस पदोन्नति सूची में कुल नौ आरक्षकों को प्रधान आरक्षक बनाया गया,जिनमें मैहर कोतवाली में पदस्थ संजय तिवारी भी शामिल हैं। पदोन्नति समारोह में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह एवं सीएसपी महेंद्र सिंह ने सभी नवपदोन्नत प्रधानआरक्षकों के कंधों पर फीता लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा। अधिकारियों ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी मेहनत,अनुशासन और उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी पुलिसकर्मी भविष्य में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। जिले के गठन के बाद पहली बार हुई इस पदोन्नति से पुलिस विभाग में उत्साह का माहौल है।सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने सभी नवपदोन्नत प्रधान आरक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विशेष रूप से मैहर कोतवाली में पदस्थ संजय तिवारी की पदोन्नति पर सहकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की बढ़ीं मुश्किलें: जाति प्रमाण-पत्र जांच मामले में छानबीन समिति ने किया तलब

**6 जुलाई को भोपाल मंत्रालय में दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश; सतना कलेक्टर को तामीली के आदेश**

मध्यप्रदेश सरकार की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की मुश्किलें आने वाले दिनों में बढ़ सकती हैं। प्रदेश के अनुसूचित जाति विकास विभाग की राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने उनके जाति प्रमाण-पत्र की प्रामाणिकता को लेकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

सतना।

समिति ने राज्यमंत्री को आगामी 6 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे भोपाल स्थित वल्लभ भवन (मंत्रालय) में आयोजित बैठक में उपस्थित होने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।



**वर्ष 1950 की स्थिति के मांगे दस्तावेज**

अनुसूचित जाति विकास विभाग के अपर आयुक्त के हस्ताक्षर से 30 जून 2026 को जारी पत्र के अनुसार,यह पूरी कवायद अनुसूचित जाति वर्ग के 'मेहराबंद' जाति प्रमाण-पत्र की वैधानिकता की जांच को लेकर की जा रही है। सतना जिले की रैगांव विधानसभा के ग्राम हरदुआ मझौली की मूल निवासी प्रतिमा बागरी को निर्देशित किया गया है कि वे वर्ष 1950 की स्थिति में सतना जिले के निवासी होने तथा स्वयं के 'बागरी' अनुसूचित जाति का सदस्य होने से संबंधित सभी प्रामाणिक दस्तावेज एवं राजस्व अभिलेख निर्धारित समय पर समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

**कलेक्टर को नोटिस तामीली के निर्देश, आपत्तिकर्ताओं को भी मौका**

विभाग ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस पत्र की एक प्रति कलेक्टर सतना को भी प्रेषित की है। कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे राज्यमंत्री को इस नोटिस की विधिवत तामीली सुनिश्चित कराएं और उसकी पावती तत्काल छानबीन समिति को भेजें। इसके साथ ही समिति ने इस मामले में पारदर्शिता बरतते हुए कहा है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को इस संदर्भ में कोई आपत्ति दर्ज करानी हो या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो,तो वह भी 6 जुलाई को समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है।

**राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज**

इस नोटिस के सार्वजनिक होने के बाद प्रदेश के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चाओं और कयासों का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि,प्रशासनिक सूत्रों और जानकारों का कहना है कि छानबीन समिति द्वारा नोटिस जारी किया जाना एक तय वैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है। मामले में अंतिम निर्णय समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों और गहन जांच के आधार पर ही लिया जाएगा।

# सीमेंट फैक्ट्री में माइन्स में दर्दनाक हादसा
## युवक की मौत के बाद भड़का ग्रामीणों का आक्रोश

**फैक्ट्री के मुख्य गेट पर शव रखकर प्रदर्शन; मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर अड़े ग्रामीण,मौके पर भारी पुलिस बल तैनात**

सतना।

**जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद और तनावपूर्ण खबर सामने आ रही है। ग्राम पंचायत मनकरी स्थित प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री की माइन्स में हुए एक भीषण सड़क हादसे ने अब उग्र आंदोलन का रूप ले लिया है। माइन्स क्षेत्र में लगातार हो रही लापरवाहियों और दुर्घटनाओं से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है।**




**इलाज के दौरान तोड़ा दम**

जानकारी के अनुसार,मनकरी निवासी रामधुन साहू उर्फ पुष्पेन्द्र साहू (उम्र 23वर्ष),पिता रामलाल साहू, माइन्स क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए थे। हादसे में पुष्पेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत जबलपुर रेफर किया गया था,लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

**शव रखकर मुख्य द्वार पर चक्काजाम**

जैसे ही युवक की मौत की खबर गांव पहुंची,पूरे इलाके में मातम के साथ-साथ भारी आक्रोश फैल गया। न्याय की मांग को लेकर परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने मृतक का शव प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री के मुख्य द्वार (मेन गेट) के सामने रख दिया और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया।

**ग्रामीणों का गंभीर आरोप**

माइन्स क्षेत्र में भारी वाहनों की बेतरतीब और तेज आवाजाही पर प्रबंधन का कोई नियंत्रण नहीं है। सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया गया है,जिसके कारण आए दिन मासूम लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

**प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें**

**उचित मुआवजा:** पीड़ित परिवार को तुरंत सम्मानजनक और उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए। मृतक के परिवार के एक सदस्य को योग्यता अनुसार स्थाई नौकरी दी जाए। माइन्स क्षेत्र में भारी वाहनों की रफ्तार पर रोक लगे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए।

**अमला मौके पर मुस्तैद**

हादसे और प्रदर्शन की संवेदनशीलता को देखते हुए रामपुर बाघेलान पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भारी बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने और फैक्ट्री प्रबंधन के साथ बातचीत कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल,मौके पर स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में बनी हुई है। ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं।



# पुलिस तक मैसेज या फोन से सूचना भेजिए पुलिस आपकी हरसंभव मदद करेगी: राजपूत

मैहर।

जन चौपाल में आईजी गौरव राजपूत ने आमजन से की सीधी अपील करते हुए कहा कि समाज और पुलिस के बीच भरोसा मजबूत होना चाहिए। रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने जन चौपाल के दौरान आमजन से संवाद करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या,अपराध या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो तो लोग बिना किसी संकोच के चिट्ठी,मैसेज या फोन के माध्यम से पुलिस तक सूचना पहुंचाएं। पुलिस प्रत्येक सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करेगी और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। आईजी गौरव राजपूत ने कहा कि 'समाज को पुलिस वैसी ही मिलती है,जैसा समाज चाहता है।' उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यदि नागरिक पुलिस का सहयोग करेंगे और समय पर सूचना देंगे,तो अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। जन चौपाल के दौरान आईजी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता,पारदर्शिता और त्वरित ढंग से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद जितना मजबूत होगा,समाज उतना ही सुरक्षित और अपराधमुक्त बनेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने अपनी समस्याएं एवं सुझाव पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे। आईजी ने सभी शिकायतों के त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा लोगों को न्याय और सुरक्षा का भरोसा दिलाना है।

# आज से पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध, कलेक्टर ने 'क्लीन मैहर, ग्रीन मैहर' की छेड़ी मुहिम, लोगों से सहयोग की अपील



मैहर।

जिला प्रशासन ने आज 1 जुलाई से मैहर में पॉलिथीन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने लोगों से अपील की है कि मैहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने को लेकर छेड़ी गई ईस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। क्लीन मैहर,ग्रीन मैहर अभियान के तहत मैहर को पॉलिथीन मुक्त बनाया जाएगा। आज से पॉलिथीन के उपयोग,बिक्री और भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। मैहर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी ने कहा कि सभी लोग बाजार जाते समय घर से थैला लेकर निकलें। खुद पॉलिथीन न लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जो भी दुकानदार पॉलिथीन का विक्रय या स्टॉक करते पाया गया,उस पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आज से प्रशासनिक टीम दुकानों और प्रतिष्ठानों में जाकर गोपनीय तरीके से जांच करेगी। पॉलिथीन मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी।

# बावड़ियां हमारी अमूल्य धरोहर, इनके संरक्षण से बचेगा भविष्य: पद्मश्री बाबूलाल दाहिया
## वीरपुर में बावड़ी उत्सव के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय समापन

सतना।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,विकासखंड उचेहरा के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय बावड़ी उत्सव का समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत वीरपुर स्थित प्राचीन बावड़ी परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा पारंपरिक कलश यात्रा एवं बावड़ी पूजन के साथ हुआ,जिससे पूरे आयोजन में सांस्कृतिक और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत एवं सरपंचसंघ उचेहरा के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार 'शिब्बू' ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राजाराम कुशवाहा एवं विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ राय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि कुएं,बावड़ियां और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोत हमारी अमूल्य सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर हैं। इनके संरक्षण एवं पुनर्जीवन से भूजल स्तर में सुधार होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने जल संरक्षण को जन भागीदारी का अभियान बताते हुए सभी से इन धरोहरों को बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। विकास खंड समन्वयक विश्वनाथ राय ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संचयन,नदियों,तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों का संरक्षण,जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन तथा भूजल स्तर में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर ही भविष्य के जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में शिवेंद्र सिंह 'शिब्बू' ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान जल संकट को कम करने,कृषि को लाभ पहुंचाने,पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में सर्जना अध्यक्ष सुरेश दाहिया,वसुंधरा समिति के बृजेंद्र प्रकाश एवं सतवंत सिंह, उपसरपंच रामदयाल साहू, रोजगार सहायक तेजभान सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# सड़क के बीच में खड़ा बिजली का खम्बा दे रहा हादसे को निमंत्रण



**मैहर।** मैहर जिले से ऐसे-ऐसे विकास किए जा रहे है कि सड़क चलते ही किसी खम्बे से टकरा जाए और आप अस्पताल पहुंच जाए। ऐसा एक मामला सामने आया है जिसमें सरकारी लापरवाही की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत कंचनपुर के जलहा गांव में करीब दो लाख बानवे हजार रुपये की लागत से लगभग सौ मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कराया गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सड़क के बीचों-बीच खड़े बिजली के खंभे को हटाने की जरूरत तक नहीं समझी गई। नतीजा यह है कि आज सड़क बन गई लेकिन खंभा वहीं का वहीं खड़ा रह गया। इस संबंध में सतना जिला सीईओ को जब इस संबंध की जानकारी दी गई तो उन्होंने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस खम्बे से कोई हादसा हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। बताया जाता है कि सबसे बड़ी बात यह है कि इस खंबे में करेंट आने से कभी भी खतरा बच्चों के लिए बन सकता है यह वाहन चालक टकरा जाए। इससे भी बड़ी बात यह है कि इस संबंध में उपयंत्री योगेन्द्र सिंह परमार से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि मैं तो जाकर देखा ही नहीं हूं।

# रोटरी क्लब सतना का रक्तदान शिविर तथा सीए डे एवं डॉक्टर डे पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित 55 लोगों ने किया रक्तदान

सतना।

मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा आज जिला चिकित्सालय,सतना में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि शिविर में रोटरी रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों एवं इनर व्हील,उद्गम की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 55यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। क्लब सतना के अध्यक्ष नीतेश बड़ेरिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों,जिला चिकित्सालय के स्टाफ एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब सतना के सचिव राजीव अग्रवाल ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रक्त वीर विनोद गेलानी रहे। सभी रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर ज़रूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया। आज डॉक्टर डे के अवसर पर जिला अस्पताल के सभी डॉक्टर्स का सम्मान किया गया 1 कार्यक्रम के संयोजक मोहित मोंगिया रहे सह संयोजक के तौर पर डॉक्टर सुनील कारखुर एवं डॉक्टर आलोक खन्ना एवं कोषाध्यक्ष वर्द्धमान जैन का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रो.दिलीप अरोरा,अशोक गुप्ता,डॉ वी के गांधी प्रवीण श्रीवास्तव,हरिओम गुप्ता,गोपाल धूत शरद पांडे, अशोक अग्रवाल,की विशेष उपस्थिति रही।



**इन्होंने किया रक्तदान**

मनविंदर ओबेरॉय,नीतेश बड़ेरिया,राजीव अग्रवाल,पवन गुप्ता, मोहित मोंगिया,राशि मोंगिया, एकता मोंगिया , चंद्रशेखर अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, आशु खत्री, राहुल अग्रवाल,डॉ. सुमित अग्रवाल,अमन अग्रवाल, सनातन अग्रवाल,शैलेंद्र अग्रवाल,अनुराग बंसल,संदीप जैन,शोभित गोयल,रोली गोयल, शरद प्रसाद, संतोष गुप्ता,मनीष कटारे,सचिन अग्रवाल,मेघा जोली,रौनक जोली,मुस्कान जौली,कीर्ति अग्रवाल, डॉ. पूर्वा मोंगिया,डॉ जे पी मोंगिया,मनोज अरोड़ा,विनय गोयल,शोभित अग्रवाल,वंश अग्रवाल,मेहुल पटेल, कौशिक पारेख,प्रखर गुप्ता,आयुष गुप्ता,रौनक जोली,तनुज मल्होत्रा,अनुज मल्होत्रा,अनिल झुलवानी, संध्या गांधी, मितूलिका प्रसाद, दिलीप वालेजा,गौरव अरोरा,समकित जैन, खुशबू मित्तल,ट्विंकल अग्रवाल अनामिका अग्रवाल, कार्तिक चौरसिया, दिशांक चौरसिया, मिहिर खुराना,अंकित सोनी, श्वेतांक,कार्तिक हांडा ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब सतना ने भविष्य में भी ऐसे जनहित एवं सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक्स कारपोरेशन के अध्यक्ष ने लक्ष्मीपुर ओपन कैप का किया आकस्मिक निरीक्षण, खाद्यान्न संरक्षण व्यवस्था की ली जानकारी





पन्ना। मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्री संजय नगाइच ने शाखा पन्ना अंतर्गत लक्ष्मीपुर ओपन कैप का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भंडारित खाद्यान्न के रखरखाव, सुरक्षा एवं संरक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में ओपन कैप (कवर) कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त एवं फटे हुए पाए गए, जिस पर अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आने पर शाखा प्रबंधक पन्ना श्रीमती वंदना बागरी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही रीजनल मैनेजर डी.के. हवलदार को भी नोटिस जारी कर जांच दल गठित करने एवं मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। श्री नगाइच जी ने स्पष्ट कहा कि किसानों एवं आम जनता से जुड़े खाद्यान्न की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण जारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन, नवागंतुक विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत



**देवेन्द्रनगर।** स्थानीय शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ (इंडक्शन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय (01 जुलाई से 03 जुलाई) इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना है।

**संस्थान से परिचय और करियर मार्गदर्शन-** कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षारम्भ का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के नए सोपान के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (छम्च्), एबीसी आईडी (।ठब् प्क) के महत्व और इंटर्नशिप के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### सोनवानी में आम रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण, जेसीबी से हुई कार्रवाई



**अमानगंज ।** पन्ना जिले के ग्राम सोनवानी में लंबे समय से आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व प्रशासन ने जेसीबी मशीन की सहायता से हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार श्री रूसिया एवं पटवारी की टीम मौके पर मौजूद रही। ग्रामीणों के अनुसार, अतिक्रमण के कारण किसानों और ग्रामीणों को खेतों तक आने-जाने में भारी परेशानी हो रही थी। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बाद राजस्व प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता अवरुद्ध होने से खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था। अतिक्रमण हटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### आंखें हुईं नम... सुनवानी थाने के एएसआई प्रेमलाल शर्मा को ढोल-नगाड़ों के बीच भावभीनी विदाई



**सुनवानी।** सुनवानी थाने में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले एएसआई प्रेमलाल शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों और क्षेत्रवासियों ने भावभीनी विदाई दी। समारोह में शॉल-श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री शर्मा का पूरा सेवाकाल ईमानदारी, सादगी और निष्पक्ष कार्यशैली का उदाहरण रहा। उन्होंने हमेशा आमजन से आत्मीय व्यवहार करते हुए कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा, जिससे क्षेत्र में उनकी अलग पहचान बनी। विदाई समारोह के दौरान कई साथी और शुभचिंतक भावुक हो उठे। ढोल-नगाड़ों के बीच सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उनके योगदान को हमेशा याद रखने की बात कही।

### देवेन्द्र कुमार तिवारी का सड़क दुर्घटना में निधन



**पन्ना।** अमानगंज निवासी देवेन्द्र कुमार तिवारी (डी. के. महाराज), उम्र 45 वर्ष, अब हमारे बीच नहीं रहे। बीते दिनों एक भीषण सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कटनी में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ इस असमय काल-कवलित घटना से हंसता-खेलता परिवार बिखर गया है। देवेन्द्र के जाने से एक बेटा और एक बेटी के सिर से हमेशा के लिए पिता का साया उठ गया है। मासूम बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।वे अमानगंज पतारा मोहल्ला निवासी जितेन्द्र तिवारी के सगे भाई थे। साथ ही राजेश तिवारी, बृजेश तिवारी और संतोष तिवारी के चचेरे भाई थे। उनके मिलनसार और सहज स्वभाव के कारण पूरा परिचित वर्ग इस समय गहरे सदमे में है। उनका अमानगंज मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया अंतिम विदाई में भारी संख्या में लोग शामिल रहे है।

## संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का भव्य आगाज़, पूजा-अर्चना और सुंदरकांड के साथ प्रवेश प्रारंभ



**गुनौर।** स्थानीय संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर में आज से नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया का गरिमामय और भव्य शुभारंभ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रभु दयाल मिश्रा के कुशल संरक्षण और मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को बेहद अनूठे और आध्यात्मिक अंदाज़ में मनाया गया, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर खींचा। यज्ञ, सुंदरकांड और मां सरस्वती की आराधना से गूंजा परिसर कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। नए सत्र की सफलता और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर परिसर में एक भव्य यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही, भक्तिमय माहौल में सुंदरकांड के पाठ की सुमधुर प्रस्तुतियां हुईं, जिससे पूरा विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा। इस विशेष अवसर पर स्कूल में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। नए सत्र में प्रवेश लेने के लिए और इस पावन शुरुआत का हिस्सा बनने के लिए हजारों की तादात में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक गण और स्टाफ भी पूरी ऊर्जा के साथ उपस्थित रहे। प्राचार्य श्री प्रभु दयाल मिश्रा के इस शानदार प्रबंधन और अनूठी पहल की हर तरफ सराहना हो रही है। हम केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों से युक्त शिक्षा देने के लिए संकल्पित हैं। आज यज्ञ और सुंदरकांड के साथ नए सत्र की शुरुआत का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और सकारात्मकता का संचार करना है। उत्कृष्ट विद्यालय गुनौर हमेशा की तरह इस वर्ष भी सफलता के नए कीर्तिमान रचेगा। संस्थान में आज से विधिवत प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले ही दिन छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ से यह साफ है कि संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षेत्र के अभिभावकों और बच्चों की पहली पसंद बना हुआ है। बेहतर बुनियादी ढांचे, अनुभवी शिक्षक दल और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के कारण इस बार सीटों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है।

## 2.5 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास विफल, खंती निर्माण कर बीज बुआई से किया संरक्षण



**पवई।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत शाहपुर बीट के कक्ष क्रमांक पी-674 में लगभग 2.5 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास को वन विभाग ने विफल कर दिया। इसके बाद विभाग ने संबंधित भूमि के स्थायी संरक्षण के लिए अतिक्रमण रोधी उपाय करते हुए खंती (ट्रेंच) का निर्माण कराया तथा उसकी मेड़ों पर बीज बुआई कर क्षेत्र को पुनः हरित बनाने की पहल की। वन विभाग के अनुसार अतिक्रमण की पुनरावृत्ति रोकने और वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। खंती निर्माण से भविष्य में अवैध कब्जे की संभावना कम होगी, वहीं बीज बुआई से क्षेत्र में हरित आवरण विकसित होने में सहायता मिलेगी।कार्रवाई के दौरान परिक्षेत्र सहायक भारती कुमार, वनरक्षक दयाराम वर्मा, सचेंद्र मोहन, सरोज सिंह, प्रकाश सिंह, सचिन राठौरिया, पीयूष शाक्य सहित सुरक्षा श्रमिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वन विभाग ने बताया कि वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। विभाग ने स्पष्ट किया कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण के किसी भी प्रयास के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एमबीबीएस छात्रा सृष्टि की मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका, एफआईआर और निष्पक्ष जांच की मांग




### राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम एसडीएम पवई को सौंपा ज्ञापन



**पवई।** पन्ना जिले के पवई निवासी एवं आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अनुराग मिश्रा ने अपनी पुत्री एवं एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा सृष्टि मिश्रा की प्रयागराज में हुई संदिग्ध मौत के मामले में हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पवई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि सृष्टि मिश्रा प्रयागराज स्थित यूनाइटेड मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की छात्रा थीं। परिजनों के अनुसार 15 जून को वह पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में घर से प्रयागराज गई थीं। 20 जून की सुबह सृष्टि के मोबाइल से परिजनों को फोन कर उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर जब परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो सृष्टि इमरजेंसी वार्ड में मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि सृष्टि के चेहरे का रंग नीला पड़ा हुआ था तथा उसके हाथ में पहनी सोने की अंगूठी गायब थी। उनका कहना है कि घटना से एक रात पहले सृष्टि ने अपनी मां से लगभग 20 मिनट तक बातचीत की थी और उस दौरान वह पूरी तरह स्वस्थ एवं सामान्य थी। ज्ञापन में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं।परिजनों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने पहले मौत का कारण ष्साइलेंट अटैकष् बताया, जबकि बाद में मिर्गी का दौरा पड़ने की बात कही गई। उनका कहना है कि सृष्टि को कभी मिर्गी की बीमारी नहीं थी। इसके अलावा आरोप लगाया गया है कि सृष्टि के मोबाइल से सोशल मीडिया सहित कई एप्लीकेशन डिलीट कर दिए गए तथा पोस्टमार्टम के दौरान एक चिकित्सक की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। डॉ. अनुराग मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 22 जून को संबंधित थाने में लिखित शिकायत के साथ सृष्टि का मोबाइल भी पुलिस को सौंप दिया था, लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई है, न पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है और न ही सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों की प्रभावी जांच की गई है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मेडिकल कॉलेज एवं छात्रावास के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर उनकी जांच कराई जाए, छात्र-छात्राओं से पूछताछ की जाए, मोबाइल की फोरेंसिक जांच कराई जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## अमानगंज सेक्टर में गांव गांव बिक रही अवैध शराब


**अमानगंज। पन्ना जिले में पदस्थ अधिकारी आबकारी सब इंस्पेक्टर मुकेश पांडे की चर्चा इन दिनों लगातार आम हो गई है मगर इस पर विभागीय अधिकारियों की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं दरअसल- वर्षों से एक ही जिले में पदस्थ रहकर खुले आम नियम कानून की धज्जियां उड़ाने वाले आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे की कहानी किसी से छुपी नहीं है यह जिस सेक्टर में तैनात रहे खुलेआम नियम विरुद्ध शराब की तस्करी होती रही।**





अब अमानगंज क्षेत्र के प्रत्येक गांव में शराब पहुंचाई जा रही है और जिले के आबकारी विभाग इस अनैतिक कृत्य में शामिल नजर आता है दूसरी तरफ नगर में उनके द्वारा अनैतिक शराब दुकान का संचालन कराया जा रहा है जिससे जनता का कानून से भरोसा उठ रहा है कुछ दिन पूर्व मुकेश पांडे को कर्मयोगी पुरस्कार से भी नवाजा गया था परंतु किस लिए शराब ठेकेदार से मिलकर गांव-गांव शराब बिकने के लिए बरसों से पन्ना जिले में पदस्थ रहकर गांव गांव शराब बिक्री करने के लिए जिले का आबकारी विभाग जुम्मेवार दिखाई दे रहा है। पन्ना जिला में जो अधिकारी एक बार आता वह दोबारा यहां से जाने का नाम नहीं लेता है ऐसा क्यों? क्या यहां के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को उनकी तानाशाही कारगुजारियों की जानकारी नहीं होती, अखिर क्यों फिर भ्रष्ट अधिकारियों को खुली छूट दे दी जाती है। शराब की लत में सैकड़ो परिवार बिखर चुके हैं और अनेको युवा शराब के नशे में वाहन दुर्घटनाओं में काल के गाल में समाहित हो चुके हैं परंतु किसी भी जिम्मेवार अधिकारियों की नजर आबकारी विभाग की गतिविधियों पर नहीं पड़ी क्षेत्र की जनता की मांग है कि गांव-गांव बिक रही अवैध शराब बंद करें एवं जिले में पदस्थ आबकारी इंस्पेक्टर मुकेश पांडे को पन्ना जिले से तत्काल हटाया जाए, जिससे अवैध शराब के गोरखधंधा पर लगाम लग सके। जिला कलेक्टर को इस ओर अवश्य ध्यान देना होगा, जिससे कानून के प्रति आम जनमानस का विश्वास बना रहे।

### जन सहायता मानवाधिकार लोक सेवा सुरक्षा परिषद की हुई पवई में अहम बैठक





**पवई।** पवई रेस्ट हाउस में माननीय डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया जी पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा पूर्व सांसद पूर्व विधायक जन सहायता मानवाधिकार लोक सेवा सुरक्षा परिषद राष्ट्रीय संरक्षक जी की उपस्थिति में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह जी के निर्देशन में सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई जिसमें जिसमें असहाय पीड़ति गरीब व्यक्तियों की हर संभव मदद करने एवं प्रशासन की ओर से संगठन के आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही करने का आश्वासन माननीय कुसमरिया जी के द्वारा दिया गया एवं माननीय कुशमारिया जी द्वारा संगठन का हर संभव सहयोग मदद करने का भी आश्वासन दिया गया उनके द्वारा कहा गया कि हमें शासन प्रशासन से व्यक्तियों के हित के लिए कितनी भी लड़ाई लड़नी पड़े हम लड़ने के लिए तैयार हैं हम सब संगठन के पदाधिकारी हैं कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे आज पूरे भारतवर्ष में लाखों की संख्या में इस संगठन में लोग कार्य कर रहे हैं एवं मध्य प्रदेश में लगभग 78500 पदाधिकारी कार्यरत हैं और माननीय जी का सहयोग हमेशा संगठन के साथ रहेगा इसमें संगठन के बाहुल्य संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात मां कलेही प्रांगण है हय क्षत्रिय कलचुरी जयसवाल समाज धर्मशाला के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिस दौरान पवई नगर परिषद अध्यक्ष माननीय बसंत दहायत जी एवं पुष्पेंद्र पटेल जी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## चलती बस में महिला के बैग से लाखों के जेवर गायब, कंडक्टर-क्लीनर पर गंभीर आरोप




**पन्ना।** पन्ना जिले में एक निजी बस में सफर के दौरान महिला यात्री के बैग से सोना-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बस के कंडक्टर और क्लीनर पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया है कि थाना पवई में शिकायत के बावजूद उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कटनी जिले के विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ननवारा निवासी रश्मि बागरी ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि वह 26 जून को अपने मायके पवई जा रही थीं। नगोद बस स्टैंड से जनक नंदनी परिहार बस (क्रमांक डच्19 च्0936) में परिवार के साथ सवार हुईं। उनके अनुसार बैग में सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान रखा था। पीड़िता का आरोप है कि बस के कंडक्टर और क्लीनर ने उनके मना करने के बावजूद बैग बस की छत पर रखवा दिया और सामान की जिम्मेदारी लेने की बात कही। जब वह करही तिराहा, पवई में बस से उतरीं तो बैग की चेन खुली मिली। जांच करने पर बैग अंदर से कटा हुआ था और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर तथा करीब 5 हजार रुपये नकद गायब थे। तब तक बस वहां से निकल चुकी थी। महिला का कहना है कि घटना के बाद वह उसी दिन पवई थाना पहुंचीं, लेकिन रिपोर्ट अगले दिन आने की बात कहकर टाल दी गई। 27 जून को दोबारा थाने पहुंचने पर भी पूरे दिन बैठाए रखा गया, लेकिन न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही कोई कार्रवाई की गई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से बस के कंडक्टर एवं क्लीनर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है।

## द्वारी ग्राम के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, डायल-112 ने पहुंचाया अस्पताल



**अमानगंज।** पन्ना अमानगंज मुख्य सड़क मार्ग द्वारी ग्राम के पास मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात्रि एक अज्ञात तेज रफ्तार बड़े वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार हल्के कोरी, निवासी ककरेहटी, गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शी सत्यम पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि , तेज रफ्तार बड़े वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 अमानगंज के स्टाफ पायलट दिनेश दहायत मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किरण कौशिक बनी सर्व शिक्षा अभियान की जिला समन्वयक अजय गुप्ता हटे

**पन्ना।** जिला सर्व शिक्षा अभियान के डी पी सी रहे अजय गुप्ता को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा हटा दिया गया है तथा उनके स्थान पर श्रीमती किरण कौशिक को पन्ना जिले का नया डी पी सी नियुक्त किया गया है श्री गुप्ता को मूल पद पर डाइट भेजा गया है विगत 3 वर्ष के कार्यकाल में श्री गुप्ता अनेक विवादों से घिरे रहे तथा उनके द्वारा व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार भी किया गया था लगातार शिकायतों को देखते हुए उन्हें हटाया गया है।

## खबर संक्षेप



### बारिश से बचने की जल्दबाजी पड़ी भारी, सीढ़ियों से गिरने पर महिला की मौत

**छतरपुर**। सटई थाना क्षेत्र के ग्राम अतरार में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अतरार निवासी फूला कुशवाहा पत्नी हरगोविंद कुशवाहा सुबह अपने घर की छत पर गई थीं। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए महिला जल्दबाजी में सीढ़ियों से नीचे उतरने लगीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वह सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। महिला की आकस्मिक मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

### जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न स्कूलों का किया निरीक्षण

**बच्चों की उपस्थिति कम मिलने एवं शैक्षणिक स्तर भी ठीक नहीं मिलने पर कार्यवाही के निर्देश**



**छतरपुर**। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया एवं डीपीसी अरुण शंकर पांडे द्वारा मंगलवार को विकासखंड ईशानगर अंतर्गत विभिन्न शासकीय विद्यालयों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति, शैक्षणिक स्तर एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में कई अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला परा में विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। यह भी पाया गया कि शिक्षकों द्वारा छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। प्राथमिक शाला पिपौराकला में भी छात्र उपस्थिति कम होने के साथ-साथ विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। वहीं मध्यान्ह भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार नहीं परोसा जा रहा था, जिससे संबंधित स्व-सहायता समूह द्वारा लापरवाही बरते जाने की पुष्टि हुई। माध्यमिक शाला खडगॉय में विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमानुसार दर्ज नहीं की जा रही थी। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना में उपयोग की जा रही बर्तन सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। प्राथमिक शाला रसोइया ठाकरुन में दर्ज 19 विद्यार्थियों में से केवल 2 छात्र ही उपस्थित मिले। उपस्थित विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत कमजोर पाया गया। साथ ही शिक्षकों का अकादमिक प्रदर्शन भी अपेक्षित स्तर का नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित शाला प्रभारियों एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिक्षण गुणवत्ता में सुधार लाने तथा शैक्षणिक स्तर बेहतर करने के निर्देश दिए। संयुक्त निरीक्षण में शिक्षकों की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं मध्यान्ह भोजन में निर्धारित मीनू का पालन नहीं करने पर संबंधित समूह के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बकाया लाइसेंसी शुल्क नहीं चुकाने पर 20 कंपोजिट शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त, 4 जुलाई को होगा री-टेंडर

**छतरपुर**। **जिले में बकाया लाइसेंसी शुल्क जमा नहीं करने पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छत्रसाल बेवरेज और भोले विश्वनाथ एसोसिएट के नाम संचालित 20 कंपोजिट शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। इन दुकानों का कुल वार्षिक मूल्य लगभग 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। लाइसेंस निरस्त होने के बाद संबंधित दुकानों का संचालन फिलहाल आबकारी विभाग अपने नियंत्रण में कर रहा है, जबकि नई निविदा (री-टेंडर) प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। टेंडर 4 जुलाई को खोले जाएंगे।**



जानकारी के अनुसार, छतरपुर जिले में पहली बार ऐसा मामला सामने आया है जब किसी ठेकेदार ने वित्तीय वर्ष शुरू होने के मात्र तीन माह बाद ही शराब दुकानों का संचालन छोड़ दिया। ठेकेदारों और विभाग के बीच समन्वय की कमी तथा निर्धारित वार्षिक लाइसेंसी शुल्क समय पर जमा नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी। इससे शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की बात सामने आ रही है। कार्रवाई की जद में राजनगर, खजुराहो, बमीठा, गंज, बसारी, चंदनगर, टोरिया टेक, शहर क्षेत्र सहित गठोरा, सारनी और हरपालपुर समूह की कुल 20 कंपोजिट शराब दुकानें आई हैं। इनमें शहर की करीब 10 दुकानें भी शामिल हैं। लाइसेंस निरस्त होने के बाद विभाग ने सभी दुकानों का कब्जा लेकर संचालन अपने हाथ में ले लिया है। कई दुकानों में शराब का स्टॉक भी समाप्त हो चुका है, जिससे फिलहाल बिक्री प्रभावित हो रही है। आबकारी विभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी (एडीओ) रामआसरे चतुर्वेदी ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 को इन दुकानों का निष्पादन किया गया था, लेकिन संबंधित ठेकेदारों द्वारा निर्धारित वार्षिक लाइसेंसी शुल्क समय पर जमा नहीं किया गया। उन्होंने केवल तीन माह की लाइसेंसी फीस जमा की थी, जबकि शेष नौ माह का शुल्क बकाया है। इसी कारण लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यदि ठेकेदारों ने दुकान हैंडओवर करने से पहले शराब का स्टॉक हटा लिया है या दुकानें पूरी तरह खाली करके सौंपी हैं तो इसकी भी जांच कराई जाएगी। विभाग अपने कर्मचारियों की आईडी बनाकर दुकानों का संचालन सुचारू रूप से करेगा। साथ ही 4 जुलाई को नई निविदाएं खोली जाएंगी। यदि किसी दुकान के लिए बोली नहीं आती है, तो आबकारी विभाग स्वयं इन दुकानों का संचालन जारी रखेगा।

# बारिश के इंतजार में छतरपुर का किसान सूखे खेतों से लेट हो रही खरीफ फसलों की

**छतरपुर**। जिले में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों की जुताई पूरी होने और खाद-बीज की व्यवस्था कर लेने के बावजूद पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुवाई शुरू नहीं हो सकी है। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। समय पर बारिश नहीं होने से खेती का पूरा चक्र प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।



किसान राहुल कुमार पटेल ने बताया कि पिछले वर्ष 25 जून तक अधिकांश खेतों में बुवाई का कार्य पूरा हो गया था, लेकिन इस बार बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं। किसानों ने बीज खरीद लिए हैं और खेत भी तैयार कर लिए हैं, लेकिन पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण बुवाई शुरू नहीं हो पा रही है। इससे खरीफ सीजन की फसलें लेट होती जा रही हैं।

वहीं किसान प्रतिपाल सिंह का कहना है कि मानसून में देरी के कारण किसानों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। शुरुआती हल्की बारिश के बाद किसानों ने खेतों की जुताई कर खाद और बीज की व्यवस्था कर ली थी, लेकिन उसके बाद बारिश नहीं होने से खेतों में नमी खत्म हो गई। अब अच्छी बारिश होने के बाद ही बुवाई संभव हो सकेगी।

## राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर जिला अस्पताल में हुआ पौधरोपण

### मरीजों के प्रति संवेदनशीलता से उपचार का दिया संदेश

**छतरपुर**। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं मध्यप्रदेश गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एमपीजीडीए) के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला अस्पताल परिसर स्थित उद्यान में छतरपुर सिविल सोसायटी के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया रहे। जिला अस्पताल के अनेक चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शरद चौरसिया ने कहा कि 1 जुलाई को पूरे विश्व में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया जाता है तथा इसी दिन एमपीजीडीए का स्थापना दिवस भी होता है। इस अवसर पर जिला अस्पताल के उद्यान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने चरण पादुका समिति, सिविल सोसायटी, पत्रकार बंधुओं एवं मानव अधिकार समिति का सम्मान एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. चौरसिया ने जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों से मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बेहतर से बेहतर उपचार देने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का कर्तव्य केवल इलाज करना ही नहीं, बल्कि मरीजों को विश्वास और सहानुभूति का एहसास कराना भी है।

# मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई, यातायात नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना; बोलेरो से अवैध शराब बरामद

छतरपुर। थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रनगर चौकी के समीप न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मृदुल लटोरिया के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट का संचालन किया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना तथा मोटरयान अधिनियम के उल्लंघनों पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया एवं व्यावसायिक वाहनों की सघन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

जांच के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी गई। वहीं चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से हूटर के उपयोग की भी जांच की गई और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए पाए जाने पर संबंधित थाना प्रभारी को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

मोबाइल कोर्ट ने यात्री बसों का भी निरीक्षण किया। बस संचालकों एवं चालकों को निर्धारित वर्दी पहनने, नेम प्लेट लगाने, ओवरलोडिंग से बचने तथा प्रत्येक यात्री को टिकट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बसों में कार्यशील अग्निशामक यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) एवं आवश्यक दवाइयों से युक्त फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी दिए गए। निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलने पर भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री जगत प्रताप अटल एवं श्री मृदुल लटोरिया स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और वाहन चालकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रियों का परिवहन अथवा अन्य नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस संचालकों एवं चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे, चंद्रनगर चौकी प्रभारी मोहन सिंह सिकरवार सहित न्यायालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# शादी के 52 दिन बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत मोबाइल चैट से सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

**छतरपुर**। **जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में शादी के महज 52 दिन बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। 26 जून को मनीषा पटेल का शव उसके ससुराल स्थित रसोईघर में फंदे से लटका मिला था। मृतका का विवाह 5 मई को शिवम पटेल से हुआ था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ, लेकिन जांच के दौरान मिले डिजिटल साक्ष्यों ने मामले को नया मोड़ दे दिया।**



पुलिस जांच और परिजनों के अनुसार, मृतका के मोबाइल फोन से मिली कथित चैटिंग में शादी से पहले उसके एक दूर के रिश्तेदार (जीजा) अजय के साथ प्रेम संबंध होने के संकेत मिले हैं। चैट में दोनों के बीच अपने-अपने जीवनसाथी को रास्ते से हटाने जैसी कथित आपराधिक साजिश संबंधी बातचीत होने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन चैट्स की सत्यता और कानूनी प्रमाणिकता की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी।

बताया जा रहा है कि इस कथित चैट की जानकारी ससुराल पक्ष के साथ-साथ मायके पक्ष को भी हो गई थी। इसके बाद पारिवारिक तनाव बढ़ गया। आशंका जताई जा रही है कि मानसिक दबाव और आत्मग्लानि के चलते नवविवाहिता ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया हो। हालांकि आत्महत्या के कारणों को लेकर पुलिस ने अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला है। इधर, मृतका के पति शिवम पटेल के परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि इस घटना के बाद उन्हें दहेज प्रताडऩा के झूठे प्रकरण में फंसाया जा सकता है। उन्होंने निष्पक्ष जांच की मांग की है।

खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मोबाइल से प्राप्त डिजिटल साक्ष्य, फॉरेंसिक जांच तथा दोनों पक्षों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और अन्य संभावित पहलुओं पर स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी।

## नौगांव में करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप, फर्जी महिला खड़ी कर कराई गई कथित कूटरचित रजिस्ट्री; एफआईआर की मांग

**नौगांव**। **नौगांव में करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि से जुड़े कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। महोबा (उत्तर प्रदेश) निवासी सरोज राजपूत ने पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी स्वामित्व वाली ग्राम रानीपुरा स्थित भूमि को हड़पने की नीयत से उप पंजीयक कार्यालय नौगांव में उनके स्थान पर एक फर्जी महिला को प्रस्तुत कर कथित रूप से कूटरचित विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) तैयार कराया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की साजिश रची गई।**



शिकायती आवेदन में उप पंजीयक कार्यालय के कुछ कर्मचारियों सहित कई लोगों के नामों का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पूरे मामले में सुनियोजित तरीके से दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई गई, जिससे उन्हें करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने की आशंका है। सरोज राजपूत ने आवेदन के साथ कथित कूटरचित विक्रय पत्र, खसरा प्रतियां, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। उनका कहना है कि प्रस्तुत दस्तावेज पूरे मामले की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य साबित होंगे और इनके आधार पर सच्चाई सामने लाई जा सकती है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी एवं अन्य संबंधित कानूनी धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामला पुलिस के संज्ञान में है और जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 6 पुलिस अधिकारी सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त एसपी रजत सकलेचा ने किया सम्मानित

छतरपुर।

**पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में 30 जून 2026 को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए छह पुलिस अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट, अनुशासित एवं समर्पित सेवाकाल के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों को शाल, श्रीफल, पुलिस स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया।**



सम्मानित होने वाले अधिकारियों में उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) रविंद्र कुमार मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक शिवराम नायक, सहायक उप निरीक्षक बिंदा प्रसाद प्रजापति, प्रधान आरक्षक बाबूलाल साकेत, प्रधान आरक्षक राजेश कुमार दुबे तथा प्रधान आरक्षक माताबदल शामिल रहे। इन सभी अधिकारियों ने 26 से 42 वर्षों तक मध्यप्रदेश पुलिस में विभिन्न जिलों एवं थानों में अपनी सेवाएं देकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। साथ ही उनके परिवारजनों एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा के दौरान आए विभिन्न चुनौतीपूर्ण अनुभवों का उल्लेख करते हुए युवा पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके अनुभवों से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण सीख मिली।

**साक्षरता की ज्योति से ज्योति जलाने का दिया संदेश**

# उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

छतरपुर

15 साल से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए चलाए जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देशन एवं जिला सीईओ नमः शिवाय अरजरिया के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र निगम ने बताया कि सांदीपनी विद्यालय छतरपुर में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डाइट प्राचार्य आर के वर्मा एवं सांदीपनी विद्यालय छतरपुर के प्राचार्य जीपी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।जिला सह समन्वयक शफीक अहमद, सभी विकासखण्डों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, अकादमिक समन्वयक, डाइट के ब्लॉक प्रभारी, साथ ही कार्यक्रम के विकासखंड सह समन्वयक एवं संकुल सह समन्वयक और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अक्षर साथी शामिल हुए।प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र निगम ने कार्यक्रम के लक्ष्य और अभी तक की उपलब्धि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभी जिलेवमे 91 प्रतिशत सर्वे कार्य हो गया है जिसे शीघ्र ही शत प्रतिशत किया जाए।जिला सह समन्वयक शफीक अहमद ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के विस्तार करने,प्रत्येक बसाहट में शत प्रतिशत सर्वे पूर्ण करने और नए अक्षर साथियों के पंजीयन करने पर जोर दिया।गुलाम जिलानी खान एवं जय कुमार खरे ने पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम की बिंदुवार जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में सभी ने साक्षरता कार्यक्रम को लेकर अपने अपने अनुभव और विचार व्यक्त किए साथ ही कु निकिता पटेरिया एवं अन्य अक्षर साथियों ने अपने द्वारा बनाए गए टीएलएम का प्रदर्शन कर बुनियादी साक्षरता,संख्या ज्ञान,वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल साक्षरता प्रदान करने के तरीकों को बताया। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता एनडी पाठक ने साक्षरता कार्यक्रम को एक सामाजिक आंदोलन बनाकर सभी की सहभागिता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि जब हम साक्षरता की ज्योति से ज्योति जलाएंगे तभी यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल होगा।

# एसडीएम ने ग्राम घूर का किया निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**लवकुशनगर**। अनुविभागीय अधिकारी गौरिहार विजय कुमार डेहरिया ने ग्राम पंचायत घूर का निरीक्षण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला एवं उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



एसडीएम ने पंचायत भवन में सरपंच एवं सचिव से विकास कार्यों तथा निर्माणाधीन योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की संख्या बढ़ाने, नियमित गतिविधियां संचालित करने तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद एसडीएम शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे, जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई की जानकारी ली तथा विद्यालय में दर्ज छात्र संख्या एवं उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने के निर्देश देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के अंतिम चरण में एसडीएम ने शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर राशन वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं संस्थानों की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् नौगांव, जिला - छतरपुर (म.प्र.)**

पृ. क्रमांक./356/लो.नि./न.पा./नौगांव/2026-27 दिनांक 29/06/2026

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त इच्छुक अधिकृत पंजीकृत ठेकेदरो / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नौगांव द्वारा निर्माण कार्य हेतुं प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदाये आमांत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेन्डर क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD _517638_1 | वार्ड नं 17 में बिभिन्न स्थानो पर सी.सी. रोड एंव नाली निर्माण कार्य । | 5027314/- | 37704/- | 10000/- | 12 माह | लोकनिर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2026_UAD _517441_1 | वार्ड नं 08 में बिभिन्न लोकनिर्माण स्थानो पर सी. सी. रोड एंव आर.सी.सी.नाली पेवर्स निर्माण कार्य। | 2953217/- | 29532/- | 5000/- | 12 माह | लोकनिर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

नोट:- निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाषन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् नौगांव जिला छतरपुर (म.प्र)**

## खबर संक्षेप

### सायबर सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत शपथ प्रतियोगिताओं का आयोजन



रीवा। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2026 को जन शिक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा के प्राचार्य राजकुमार सिंह के निर्देशन में शासकीय माध्यमिक शाला रीठी रीवा में जागरूकता अभियान के तहत साइबर सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत साइबर सुरक्षा की शपथ राजेंद्र सिंह एवं विशाल शुक्ला द्वारा दिलवाई गई, एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया , विद्यालय के कार्यक्रम में रामकृष्ण द्विवेदी, सुनीता पटेल,, पुष्पा दुबे, रेनू वर्मा सतीश ताम्रकार सहित विद्यार्थियों ने सहभागिता की। 01 जुलाई 2026 को सभी विद्यालयों में ₹सायबर शपथ₹ दिलाने के संबंध में एवं विद्यार्थियों में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोग प्रतियोगिता करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### किसानों और उज्जैन भूमि प्रकरण पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन

रीवा। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश सरकार पर युवाओं, किसानों और आम जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश में चरणबद्ध प्रदेशव्यापी जनआंदोलन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब शिक्षा, कृषि, भ्रष्टाचार और जवाबदेही जैसे मुद्दों को लेकर गांव से लेकर राजधानी तक व्यापक आंदोलन चलाएगी। यदि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने में विफल रहती है तो मुख्यमंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ देना चाहिए। रीवा में आयोजित पत्रकार वार्ता में कमलेश्वर पटेल ने कहा कि कांग्रेस का यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता के बुनियादी सवालों का जवाब देने से बच रही है।युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोपकमलेश्वर पटेल ने कहा कि प्रदेश में लाखों विद्यार्थियों का भविष्य असमंजस में है। नीट और सीबीएसई परीक्षाओं से जुड़े विवादों तथा विद्यार्थियों की शिकायतों ने पूरी शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रभावित छात्रों को समय पर न्याय नहीं मिला और सरकार संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करने में असफल रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही छात्रों के साथ खड़ी रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। अब प्रदेश कांग्रेस छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों से संवाद करेगी और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करेगी।उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की कालाबाजारी और मनमाने दाम वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। इसके साथ ही सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने से खरीफ की बुवाई प्रभावित हो रही है।कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मूंग की समर्थन मूल्य पर सीमित खरीद और कोटा कम किए जाने से भी किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर गांव-गांव तक जनसंपर्क और आंदोलन चलाएगी।कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता के दौरान सरकार के सामने कई प्रमुख प्रश्न भी रखे। इनमें उज्जैन भूमि प्रकरण पर मुख्यमंत्री का सार्वजनिक जवाब, पूरे मामले की स्वतंत्र जांच, रियायती दर पर आवंटित सरकारी भूमि की सूची सार्वजनिक करने, किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया और बिजली उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी रोकने तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।

### पीड़ित परिवारों को मिली 31 करोड़ 81 लाख रुपए की अनुग्रह राशि

रीवा। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'संबल योजना' प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिकों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा कवच साबित हो रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और श्रमिक परिवारों को संकट के समय आर्थिक संबल प्रदान करना है, जिसके अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु, सामान्य मृत्यु और अपंगता जैसी विपरीत परिस्थितियों में पीड़ित परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि दी जाती है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए की अनुग्रह राशि श्रमिकों के बैंक खातों में ट्रांसफर की। इस संबंध में रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि संभाग के कुल 1442 पीड़ित परिवारों को 31 करोड़ 81 लाख रूपये की संबल योजना की अनुग्रह राशि जारी की गई है। कमिश्नर ने बताया कि रीवा जिले में कुल 373 प्रकरणों में 8 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि पीड़ित परिवारों के बैंक खातों में भेजी गई।

# डॉक्टर के स्नेहपूर्ण शब्द, मधुर मुस्कान और आत्मीय व्यवहार से आधी बीमारी दूर हो जाती है: उप मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों का किया गया अभिनंदन और सम्मान



रीवा। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय रीवा द्वारा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी लेक्चर हॉल में स्नेह मिलन एवं चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह दिवस महान चिकित्सक एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. बिधान चंद्र रॉय की पावन स्मृति में मनाया जाता है। उनका जीवन सेवा, समर्पण, करुणा और राष्ट्र निर्माण का अनुपम उदाहरण है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सकों को समाज धरती का भगवान कहकर सम्मान देता है, क्योंकि वे पीड़ित और असहाय व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। किंतु इस सम्मान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब प्रत्येक चिकित्सक अपने सामने आने वाले प्रत्येक मरीज में भगवान का स्वरूप देखकर प्रेम, करुणा, आत्मीयता और संवेदनशीलता के साथ उसका उपचार करे। मरीज के लिए डॉक्टर केवल चिकित्सक नहीं, बल्कि आशा, विश्वास और जीवन का आधार होता है। कई बार डॉक्टर के स्नेहपूर्ण शब्द, मधुर मुस्कान और आत्मीय व्यवहार से ही रोगी की आधी बीमारी दूर हो जाती है। जीवन को सार्थक बनाने वाला पेशा चिकित्सक का होता है। चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा है। जब चिकित्सा विज्ञान के साथ आध्यात्मिक मूल्य और मानवीय संवेदनाएँ जुड़ती हैं, तब उपचार और अधिक प्रभावशाली बन जाता है। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितैषी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारीज़ रीवा की क्षेत्रीय संचालिका बी.के. लता दीदी ने की। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन चिकित्सकों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं तनावमुक्त जीवन प्रदान करता है। जब चिकित्सक स्वयं भीतर से शांत और शक्तिशाली होंगे, तभी वे रोगियों को भी आशा, विश्वास और आत्मबल प्रदान कर सकेंगे। ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से आए बी.के. राजू भाई ने कहा कि डॉक्टर वास्तव में ₹नेक्स्ट टू गॉड₹ हैं। चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि ईश्वर द्वारा मानवता की सेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल रोग का उपचार करना नहीं, बल्कि मरीज का विश्वास बनाए रखना भी है। ऐसे सम्मान समारोह चिकित्सा सेवा के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। मेडिकल कॉलेज के मुख्य अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा के साथ मानवीय संवेदनाओं का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मरीज के प्रति आत्मीय व्यवहार ही चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी. डी. त्रिपाठी एवं डॉ. नेहा त्रिपाठी द्वारा लिखित प्रेरणादायी पुस्तक ₹दिल की आवाज : बच्चों में बढ़ता दृष्टि दोष₹ का लोकार्पण किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने पुस्तक की विषयवस्तु की सराहना करते हुए इसे बच्चों में सकारात्मक सोच एवं श्रेष्ठ संस्कार विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के वरिष्ठ चिकित्सकों, सेवानिवृत्त चिकित्सकों तथा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने वाले डॉक्टरों को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक, सेवानिवृत्त चिकित्सक, चिकित्सा विद्यार्थी की उपस्थिति रही।

# खजुआ कला में किसानों की हुंकार: खाद-बीज संकट और तालाब संरक्षण को लेकर सरकार पर बरसे कामरेड लालमणि त्रिपाठी

### शहीद-ए-आज़म भगत सिंह पैनल की बैठक में किसान हित, जल संरक्षण और आंदोलन की रणनीति पर मंथन



रीवा। शहीद-ए-आज़म भगत सिंह पैनल के तत्वावधान में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के खजुआ कला गांव में किसानों की समस्याओं को लेकर एक विचार गोष्ठी एवं बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की प्रमुख समस्याओं, खाद-बीज की उपलब्धता, जल संरक्षण तथा प्राचीन तालाबों के संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-15 के सदस्य कामरेड लालमणि त्रिपाठी रहे, जबकि अध्यक्षता कामरेड रामानुज तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामबहोरन पटेल, रामप्रसाद गुप्ता, रामशुशील द्विवेदी, अरुण कुमार पाण्डेय, बाबूलाल शुक्ला, राजेन्द्र साकेत, भगत सिंह पैनल के संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह तथा अयोध्या पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।बैठक में खजुआ कला के प्राचीन तालाब के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का संकल्प लिया गया। साथ ही ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधरोपण करने का भी निर्णय लिया गया।इस अवसर पर कामरेड लालमणि त्रिपाठी ने सरकार और प्रशासन पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि मानसून की दस्तक के बावजूद किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। किसानों को टोकन लेकर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और कई किसानों को खसरे में रकबा दर्ज नहीं होने के कारण पर्याप्त खाद भी नहीं मिल रही है।उन्होंने कहा कि सरकार यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं करती है तो किसानों के साथ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान चलने के बावजूद क्षेत्र के अधिकांश प्राचीन तालाब, बावड़ियां और जलाशय उपेक्षा का शिकार हैं। सरकार को सभी सार्वजनिक जलस्त्रोतों की सफाई, संरक्षण एवं जलभराव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।कामरेड लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि किसानों और जल संरक्षण से जुड़े मुद्दों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि शासन-प्रशासन ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो किसानों के हित में सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# स्कूल परिसर से हटे मौत बन चुके बिजली के तार, वर्षों बाद जागा सिस्टम,700 विद्यार्थियों को मिला सुरक्षित वातावरण

रीवा। जिले के गंगेव जनपद स्थित हिनौती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वर्षों से छात्रों और शिक्षकों के लिए खतरा बने बिजली के झूलते तार एवं खंभों को आखिरकार विद्यालय परिसर से हटा दिया गया। लंबे समय से विद्यालय के बीचोंबीच गुजर रही एलटी लाइन न केवल विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई थी, अब बिजली विभाग ने लाइन को विद्यालय परिसर से हटाकर बाउंड्री के बाहर स्थानांतरित कर दिया है, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राहत की सांस ली है।प्रदेश के अधिकांश शासकीय विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में आज भी हाईटेंशन एवं एलटी बिजली लाइनें भवनों और खेल मैदानों के ऊपर से गुजर रही हैं। हिनौती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी ऐसी ही गंभीर समस्या से जूझ रहा था। विद्यालय परिसर, खेल मैदान और प्राचार्य कक्ष के समीप से गुजर रही एलटी लाइन के खुले तार लगातार खतरा बने हुए थे। बरसात और तेज हवा के दौरान स्थिति और अधिक चिंताजनक हो जाती थी। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के मन में हमेशा किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती थी। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पिछले कई वर्षों में शिक्षा विभाग और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान की मांग की थी। दस्तावेजों के अनुसार विद्यालय में लगभग 700 विद्यार्थी नामांकित हैं, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी भी प्रतिदिन परिसर में उपस्थित रहते हैं। इसके बावजूद समस्या वर्षों तक जस की तस बनी रही। मामले ने उस समय गति पकड़ी जब सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी की नजर इस गंभीर स्थिति पर पड़ी। उन्होंने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों कार्यपालन अभियंता आशीष बैन, सहायक यंत्री उमाशंकर द्विवेदी तथा कनिष्ठ अभियंता प्रणव वर्मा को मौके की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि विद्यालय परिसर से गुजर रही बिजली लाइन किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है और विभाग को दुर्घटना होने का इंतजार नहीं करना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार को लाइन शिफ्टिंग के निर्देश दिए। इसके बाद 1 जुलाई को विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग की मौजूदगी में बिजली लाइन स्थानांतरण का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य के दौरान विद्यालय परिसर से गुजर रहे तार और खंभों को हटाकर बाउंड्री के बाहर स्थानांतरित कर दिया गया। वही हिनौती विद्यालय की तरह प्रदेश के अन्य शासकीय विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों का भी व्यापक सुरक्षा ऑडिट कराया जाना चाहिए।

# पानी के जार में छिपाकर कोरेक्स बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

## ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अमहिया पुलिस ने की कार्रवाई



रीवा। जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अमहिया थाना पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद की है। आरोपी लोगों की नजरों से बचने के लिए नशीली कफ सिरप को पानी के जार में छिपाकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर बेचता था। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अमहिया थाना पुलिस को यह सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार 30 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नरेंद्र नगर स्थित खमरिया हाउस के समीप पुलिया के पास एक युवक पानी का जार लेकर बैठा है। सूचना में बताया गया कि युवक ने नीले रंग की जींस और आसमानी रंग की टी-शर्ट पहन रखी है तथा वह पानी के जार में नशीली कोरेक्स सिरप छिपाकर ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही अमहिया थाना पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही संदिग्ध युवक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में अपना नाम मयंक मिश्रा उर्फ अमन गौतम (24 वर्ष) पिता कृष्ण कुमार गौतम निवासी सुंदर नगर, बोदाबाग, थाना विश्वविद्यालय, जिला रीवा बताया तलाशी के दौरान उसके कब्जे में रखे पानी के जार से नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) बरामद की गई, जिसे पुलिस ने विधिवत जब्त कर लिया। वही प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी पुलिस और आम लोगों की नजरों से बचने के लिए नशीली कफ सिरप को पानी के जार में छिपाकर शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर बिक्री करता था। इस तरीके से वह संदेह से बचकर युवाओं तक नशीली सिरप पहुंचा रहा था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह यह नशीली दवा कहां से लाता था और इसके अवैध कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं।बॉक्स

**चाकूबाजी की वारदार को अंजाम देकर हत्या के प्रयास के आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार**

शहर के अमहिया थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामूली कहासुनी और विवाद के बाद आरोपियों ने युवक पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। घायल युवक का उपचार संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में जारी है। पुलिस के अनुसार 29 जून की रात करीब 10 बजे अमहिया थाना क्षेत्र में ओमप्रकाश साकेत पर दो युवकों ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन थाना प्रभारी अमहिया उपनिरीक्षक शिवा अग्रवाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। जांच के दौरान पुलिस ने एक बाल अपचारी तथा 19 वर्षीय आर्यन साकेत निवासी विकास कॉलोनी, थाना अमहिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि मामूली बहस के बाद उन्होंने ओमप्रकाश साकेत पर जानलेवा हमला किया था। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आर्यन साकेत को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जबकि बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# जन्म शताब्दी वर्ष पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे, हर बेंत पर इंकलाबी उद्घोष करते थे ओंकार, पावन स्मृति में जन संगठनों ने वितरित किया जीवन परिचय



रीवा। देश की आजादी के आंदोलन में कठोर जेल यातना उठाने वाले ओंकार नाथ खरे के व्यक्तित्व कृतित्व पर स्थानीय स्वयंवर बारात घर में नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार संगोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन नारी चेतना मंच की अध्यक्ष साक्षी मोटवानी महंत ने किया। आजादी के अमर योद्धा स्वर्गीय खरे के ऐतिहासिक चित्रों के साथ प्रकाशित एक फोल्डर भी वितरित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि सन 1942 में रीवा सहित देश के अनेक स्थान ऐसे थे जहां जनसाधारण में अंग्रेजो के खिलाफ असंतोष व्याप्त था। आजादी की आवाज उठने लगी थी। जन विद्रोह की सुगबुगाहट और चिंगारी ने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे समय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विश्व परिदृश्य के साथ देश की नब्ज को पहचान कर मुंबई के कांग्रेस सम्मेलन में 8 अगस्त 1942 की रात्रि में करो या मरो का नारा देते हुए भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। एक सत्याग्रही के रूप में ओंकार नाथ खरे ने अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे आन्दोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्हें 38 डी.आई.आर. के अंतर्गत बंदी बनाकर रीवा केन्द्रीय जेल में रखा गया। नजरबंद हालत में उन पर मुकदमा चला। ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ विद्रोह के आरोप में उन्हें 6 माह का कठोर कारावास और रू. 150 का अर्थदंड दिया गया। क्रांतिवीर ओंकार नाथ खरे ने न तो सजा माफी की कोई अर्जी लगाई और न ही अर्थदंड भरा जिसके चलते उनकी सजा को दो माह बढ़ा दिया गया। सजा मिलने के बाद ओंकार नाथ खरे ने जेल यातनाओं से हार नहीं मानी। उन्होंने नजरबंदी के अलावा 9 अक्टूबर 1942 से लेकर 8 जून 1943 तक रीवा जेल में कठोर कारावास (आड़ा बेड़ी काल कोठरी) की यातना उठाई। इसके अतिरिक्त उन्हें 31 बेंतो की भी सजा सुनाई गई। नंगे शरीर पर लगाई जाने वाली हर बेंत पर ओंकार नाथ खरे इंकलाब जिंदाबाद, भारतमाता की जय और महात्मा गाँधी जिंदाबाद का उद्घोष करते थे। सत्रह वर्षीय किशोर ओंकार नाथ के नंगे बदन पर लगातार 21 बेंतों को लगाए जाने तक वह लहुलुहान होकर बेहोश हो गये। शेष 10 बेंतों की सजा रोक दी गई। वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद प्रसाद मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि आजादी वर्ष 1947 में के महान अवसर पर क्रांतिवीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे विन्ध्य क्षेत्र के एकलौते शासकीय महाविद्यालय दरबार कालेज के छात्र संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में कुँ अर्जुन सिंह को भारी मतों से पराजित करके विजयी हुये। यह देश की आजादी के बाद ऐतिहासिक चुनाव था। एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने पहली बार छात्र संघ अध्यक्ष पद को सुशोभित किया था। इसे लेकर केवल छात्रों में नहीं बल्कि जनता में भी भारी उत्साह था। श्रीनिवास तिवारी महासचिव चुने गये थे। छात्र संघ के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय स्तर का शिक्षा सम्मेलन हुआ, जिसमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में रीवा आए थे जो बाद में भारत के राष्ट्रपति बने थे।अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त पदाधिकारी दल प्रताप तिवारी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे विंध्य क्षेत्र के समाजवादी आंदोलन के आधार स्तंभ थे। उनके प्रमुख साथियों में कृष्ण पाल सिंह, जगदीश जोशी, श्रीनिवास तिवारी, राम किशोर शुक्ला, श्रवण कुमार भट्ट, सिद्ध विनायक द्विवेदी, राणा शमशेर सिंह, यमुना प्रसाद शास्त्री, जगदंबा प्रसाद निगम, श्याम कार्तिक, सरजू प्रसाद तिवारी आदि अनेक महत्वपूर्ण लोग थे। नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री ओंकार नाथ खरे सन 1953 में विंध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा के लिए चुने गए। सेवा काल के दौरान अपनी स्वतंत्र निर्भीक न्यायप्रिय कार्यशैली के चलते वे काफी लोकप्रिय थे लेकिन भ्रष्ट नौकरशाहों के प्रकोप का शिकार बने। करीब 30 वर्ष के शासकीय सेवा काल में उन्हें एक भी पदोन्नति नहीं मिली। उनकी क्षमता और दक्षता के विपरीत आगे बढ़ने के उनके अवसरों का जिस तरह हनन हुआ उससे वह काफी व्यथित थे। देश की आजादी के आंदोलन के इस महान योद्धा के साथ मरणोपरांत भी न्याय नहीं हो सका। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे के ज्येष्ठ पुत्र लोकतंत्र सेनानी अजय खरे भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि देश में आजादी के मूल्य कभी कमजोर नहीं होना चाहिए। नागरिक आजादी पर हमला देश को गुलामी की ओर ले जाता है। आपातकाल हो या अघोषित आपातकाल दोनों देश के लोकतंत्र संविधान और नागरिक आजादी के लिए घातक हैं। जब लोग अपने देश के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास और और त्याग बलिदान को भूल जाते हैं तो शासन व्यवस्था का अत्याचार अन्याय बहुत तेजी से बढ़ने लगता है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के ज्येष्ठ पुत्र लोकतंत्र सेनानी अजय खरे , समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, दल प्रताप सिंह तिवारी सेवानिवृत्त सहायक कुल सचिव एवं अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन अप्रसिंह विश्वविद्यालय रीवा, वरिष्ठ पत्रकार मुकुंद प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य लाल मणि त्रिपाठी, बृजवासी प्रसाद तिवारी, अशोक सोनी, नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री नजमुन्निशा, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट, गीता महंत, शैलजा तिवारी, आशा चौरसिया, नारी चेतना मंच अध्यक्ष साक्षी मोटवानी महंत, समाजसेवी सुंदर वर्मा, सौरव सिंह, दीपक द्विवेदी, आयुष वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी - कलेक्टर



मऊगंज। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और अंतर्विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाएं। प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में किसी भी स्तर पर उदासीनता अथवा शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी अधिकारी लोकहित के कार्यों में पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहें। मानसून एवं अन्य आपात स्थितियों के दौरान सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में आपदा प्रबंधन का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रहे और पूर्व निर्धारित सभी सुरक्षात्मक कार्यों का निरंतर फॉलो-अप लें। कलेक्टर ने कहा कि संबल योजना, पेंशन,तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़ी हैं। इनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन कार्यों में तेजी लाएं तथा अभिलेख दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सभी पटवारी फॉर्मर रजिस्ट्री और ई केवाईसी के कार्य को प्रगति लाएं। इसके लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के अधिकारी जिले में उर्वरकों का वितरण ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ही संपादित कराएं, जिससे संपूर्ण वितरण व्यवस्था पारदर्शी, नियंत्रित और सुगम बनी रहे। किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद और बीज का वितरण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि जीर्ण-शीर्ण अथवा जर्जर अवस्था वाले स्कूल या आंगनवाड़ी भवनों में कक्षाएं संचालित न कराएं। नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में छात्र नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि तथा ड्रॉप-आउट बच्चों की सटीक ट्रैकिंग सुनिश्चित करें। अधिकारी स्वयं मैदानी क्षेत्रों का दौरा कर बच्चों की 'अपार आईडी' बनवाना सुनिश्चित करें और केवल अधीनस्थों की बातों पर निर्भर न रहकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण द्वारा समस्याओं का व्यावहारिक निराकरण करें। ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के सुचारू संचालन पर बल देते हुए कहा कि जिन योजनाओं में जल स्रोत या पाइपलाइन की तकनीकी समस्या है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दुरुस्त कराएं ताकि नागरिकों को सुगमता से पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीम हनुमना राजेश मेहता, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में उत्साहपूर्वक मनाया गया प्रवेशोत्सव



मऊगंज। शासन के निर्देशों के अनुसार स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले भर के शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय मऊगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्तित्व विकास एवं आत्मनिर्भरता का सबसे प्रभावी माध्यम है और प्रत्येक बच्चे को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। यदि विद्यार्थी पूरी ईमानदारी, लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करेंगे तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करने, नियमित रूप से विद्यालय आने तथा पढ़ाई को बोझ न मानकर सीखने का माध्यम समझने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया तथा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का आग्रह किया। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से प्रवेशोत्सव, एवं प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यालय से बाहर या ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।